अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026
वैशाख शुक्ल अष्टमी
विक्रम संवत 2083

PAGE NO : 10 MIDDLE

काजी हमजा को मिला मैन ऑफ द मैच

city sports

जमुना प्रसाद मेमोरियल की पूरी टीम 17.5 ओवर में महज 107 रनों पर सिमटी

बरेली। भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर चल रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इन मैचों में जीत दर्ज कर सोबती पब्लिक स्कूल और बासुबरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। अब शुक्रवार को टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।

दिन के पहले मैच में सोबती पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 160 रन बनाए। काजी हमजा ने 66 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 73 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमुना प्रसाद मेमोरियल (जेपीएम) की पूरी टीम 17.5 ओवर में महज 107 रनों पर सिमट गई। काजी हमजा को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में बासुबरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.1 ओवर में 117 रनों पर ढेर हो गई। जवाब में बेदी इंटरनेशनल की शुरुआत धीमी रही। टीम के बल्लेबाज विशाल ने एक छोर संभाले रखा और 51 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 59 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम 20 ओवर में सात विकेट खोकर 100 रन ही बना सकी। टीम की हार के बावजूद उत्कृष्ट बल्लेबाजी के लिए विशाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। संवाद

अमृत पाल, अद्वय, शौर्य और मोहम्मद शिशान ने गोल दागकर दिलाई जीत

फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को होंगे सेमीफाइनल मुकाबले

बरेली। भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर खेले जा रहे श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। डीपीएस, हार्टमैन कॉलेज, आर्मी पब्लिक स्कूल (सीनियर विंग) और चाइल्ड केयर बिशप कॉनराड स्कूल की टीमों ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

पहले क्वार्टर फाइनल मैच में डीपीएस ने सोबती पब्लिक स्कूल को 4-2 से हराया। डीपीएस की ओर से अमृत पाल, अद्वय, शौर्य और मोहम्मद शिशान ने गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। दूसरे क्वार्टर फाइनल में हार्टमैन कॉलेज ने एसआर इंटरनेशनल स्कूल को 5-0 से करारी शिकस्त दी। हार्टमैन के लिए साई मेहता, अभिनव कटियार, महद खान, काव्यांश खन्ना और जसकरन सिंह ने एक-एक गोल किए।

तीसरे मुकाबले में आर्मी पब्लिक स्कूल (सीनियर विंग) ने कृष्णा पब्लिक स्कूल पर 9-0 की बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच में हर्षित शाही ने हैट्रिक गोल किए। दक्ष, आर्यन सिंह, वंश, इशांत देव और राजेश ने एक-एक गोल का योगदान दिया। रोमांचक चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में चाइल्ड केयर बिशप कॉनराड स्कूल ने आर्मी पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) को 2-1 से पराजित किया। विजेता टीम की ओर से ऋतुराज ने दो गोल किए। इस दौरान बरेली जिला फुटबॉल संघ के सचिव मून रॉबिन्सन और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी व कोच नसीम अख्तर मौजूद रहे। संवाद